प्रेस नोट

दिनांक 07.09.2025

अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 07.09.2025 को अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई व मीरा तालाब, अलाव मैदान/ देवी चौराहा स्थल व जूलूस का निरीक्षण के साथ ही साथ मेले में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ताकर सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया व मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की गई। मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी मौदहा, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।